उपायुक्त का कार्यालय
दुमका
09 JUN 2017
राजस्व/DDC/कृषि

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(कृषि प्रभाग)

संचिका सं0-9/कृ0भू0अनापत्ति(दुमका)-04/2017 / 921 /कृ0,रांची,दिनांकः- 09-06-17

प्रेषक,

निरंजन कुमार,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

उपायुक्त,
दुमका।

विषयः- दुमका जिला में बहुउद्देशीय कॉन्वेंशन हॉल निर्माण हेतु भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दुमका जिला के दुमका अंचल अन्तर्गत मौजा कड़हलबील के कृषि विभाग के रकवा-2.00 एकड़ भूमि पर बहुउद्देशीय कॉन्वेंशन हॉल निर्माण हेतु भूमि का आपके पत्रांक-348 दिनांक-06.03.2017 द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त प्रस्ताव के आलोक में सम्यक विचारोपरांत दुमका अंचल अन्तर्गत मौजा कड़हलबील दुमका जिला स्थित कृषि विभाग के कुल रकवा-25.04 एकड़ भूमि में से 2.00 एकड़ भूमि को निम्नलिखित शर्त्तों के साथ बहुउद्देशीय कॉन्वेंशन हॉल निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दी जाती है।

1-इस भूमि पर बहुउद्देशीय कॉन्वेंशन हॉल का ही निर्माण किया जाएगा।
2-यदि उक्त भूमि तीन वर्षों के पश्चात् अव्यवहृत पाई गई तो भूमि स्वतः कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को वापस हो जाएगी।
3-इस भूमि का उपयोग किसी अन्य कार्य के लिए नहीं किया जाएगा।
4-इस भूमि को किसी अन्य संस्था / विभाग को हस्तांतरित नहीं किया जाएगा।

विश्वासभाजन,
09.6.17
सरकार के उप सचिव।